दिनांक 13.10.2026 को माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पटना की अध्यक्षता में राज्य में चल रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यो की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

दिनांक 13.10.2026 को माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य में चल रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें विभाग स्तर से श्रीमती सीमा त्रिपाठी, सचिव, अमित कुमार पाण्डेय, अपर सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री सुहर्ष भगत, निदेशक, श्री सुबोध कुमार, सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप एवं निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी एवं राज्य के सभी जिलों में पदस्थापित सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी (लखीसराय, मुंगेर, शिवहर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं मधुबनी को छोड़कर), 22 सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) तथा सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियो का स्वागत करते हुए राज्य में चल रहे सर्वेक्षण कार्यो एवं उसमें बन्दोबस्त पदाधिकारियों की महत्ता की चर्चा की गई। तत्पश्चात् विशेष सर्वेक्षण संचालित प्रथम चरण जिलों का सितम्बर तृतीय सप्ताह से अक्टूबर प्रथम सप्ताह की प्रगति संबंधित जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर समेकित रूप से निम्नवत् दर्शायी गयी –

DISTRICT REPORT : PHASE - 1 (Comparative Chart)September 3rd week to October 1st week)

Date : 13-10-2026

Sl. No.	Sl. No.			1			2			3			4			5			6		
	PARAMETERS	Total Shiet	Total Mauza	Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9)			Form-6 Entry in Software (Completed Mauza)			LPM & Form-7 Distribution (Mauza)			Draft Publication Form-12 (Mauza)			Draft Final Publication Form-20 (Mauza)			Final Publication Form-25 (Mauza)		
	District			September 3rd Week	October 1st Week	Progress	September 3rd Week	October 1st Week	Progress	September 3rd Week	October 1st Week	Progress	September 3rd Week	October 1st Week	Progress	September 3rd Week	October 1st Week	Progress	September 3rd Week	October 1st Week	Progress
1	ARARIA	6	153	153	153	0	131	131	0	130	130	0	112	112	0	42	50	8	7	8	1
2	ARWAL	13	312	311	311	0	259	269	10	257	259	2	234	238	4	149	166	17	94	102	8
3	BANKA	12	931	835	858	23	625	635	10	593	604	11	433	448	15	215	216	1	116	124	8
4	BEGUSARAI	15	446	384	392	8	362	364	2	360	361	1	338	355	17	297	304	7	141	151	10
5	JAMUI	6	224	190	192	2	128	133	5	123	126	3	97	98	1	30	30	0	14	14	0
6	JEHANABAD	10	249	240	240	0	239	240	1	238	240	2	224	228	4	201	204	3	158	169	11
7	KATIHAR	7	178	177	178	1	176	176	0	176	176	0	175	176	1	156	156	0	76	91	15
8	KHAGARIA	7	157	152	152	0	146	146	0	144	144	0	116	118	2	56	59	3	8	8	0
9	KISHANGANJ	17	451	451	451	0	319	325	6	318	322	4	267	268	1	136	141	5	4	6	2
10	LAKHISARAI	16	481	380	381	1	346	346	0	329	341	12	301	306	5	229	240	11	124	132	8
11	MADHEPURA	6	114	112	114	2	89	92	3	85	87	2	71	71	0	53	53	0	15	15	0
12	MUNGER	13	306	305	305	0	301	302	1	301	302	1	299	299	0	217	236	19	95	110	15
13	NALANDA	17	396	385	388	3	375	376	1	375	376	1	317	318	1	157	157	0	31	31	0
14	PURNIA	4	87	87	87	0	85	85	0	85	85	0	70	73	3	11	17	6	2	6	4
15	SAHARSA	5	122	122	122	0	101	105	4	98	103	5	77	78	1	23	38	15	8	8	0
16	SHEIKHPURA	15	284	284	284	0	284	284	0	284	284	0	284	284	0	277	277	0	199	216	17
17	SHEOHAR	3	90	72	72	0	72	72	0	72	72	0	51	52	1	45	45	0	25	26	1
18	SITAMARHI	9	253	252	252	0	196	202	6	194	199	5	139	140	1	42	49	7	13	15	2
19	SUPAUL	12	252	214	214	0	172	175	3	164	169	5	137	139	2	85	89	4	31	31	0
20	W CHAMPARAN	11	261	281	281	0	232	245	13	221	232	11	211	213	2	97	101	4	57	57	0
Total Count		200	5551	5387	5427	40	4638	4703	65	4547	4612	65	3953	4014	61	2518	2628	110	1218	1320	102

Page 1

उपरोक्त प्रगति प्रतिवेदन के आलोक में निम्नवत् समीक्षा की गई –

1. सितम्बर तृतीय सप्ताह से अक्टूबर प्रथम सप्ताह में जमुई जिला में चल रह विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अर्न्तगत प्रपत्र–20 एवं प्रपत्र–25 मे शून्य प्रगति पाये जाने के संबंध में अग्रेत्तर कार्य–योजना की पृच्छा करने पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई द्वारा बताया गया कि अतिरिक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को लगाया गया है तथा लंबित कार्यो को अगले 10 दिनों में पूर्ण कर ली जायेगी।

(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई)

2. समीक्षा के क्रम में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अपने जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो के प्रथम चरण के वैसे राजस्व ग्राम जिनका कार्य पूर्ण हो गया है, उनसे संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीन को वैसे राजस्व ग्राम में सम्बद्ध करने को निदेशित किया गया जहाँ सर्वेक्षण का कार्य लंबित है।

(अनुपालन : प्रथम चरण के सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)

3. प्रथम चरण संचालित सभी जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी को इस माह तक विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अर्न्तगत चल रहे प्रपत्र–6 की प्रविष्टि से संबंधित कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : प्रथम चरण के सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)

4. समीक्षा के क्रम में किशनगंज जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अर्न्तगत विभागीय सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–6 की 125 राजस्व ग्रामों की प्रविष्टि लंबित पाये जाने के संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त लंबित कार्य 22 विशेष सर्वेक्षण अमीनों से कराया जा रहा है, वर्तमान में 6.25 लाख प्रविष्टि लंबित है।

   इस संबंध में प्रतिदिन कुल 1200 प्रविष्टि का लक्ष्य संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीनों को देकर योजनाबद्ध तरीके से लंबित कार्यो को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज)

5. इसी प्रकार समीक्षा के क्रम में पश्चिम चंपारण एवं अरवल जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा उनके जिले में क्रमशः एक लाख एक हजार एवं 27000 प्रपत्र–6 की प्रविष्टि लंबित रहने के आलोक में संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अतिरिक्त विशेष सर्वेक्षण अमीन को लगाकर शीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण एवं अरवल)

6. विशेष सर्वेक्षण अर्न्तगत प्रथम चरण संचालित जिलों का निदेशालय स्तर से प्रस्तुत अंचलवार स्थान (Ranking) के आलोक में अलग से बैठक आयोजित कर उन अंचलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो की गहन समीक्षा दो पाली में करने का निदेश दिया गया।

   उक्त प्रस्तावित बैठक में निदेशित किया गया कि अंचलवार 89 से 70 स्थान पर रहने वाले अंचल का प्रथम पाली तथा 69 से 47 स्थान पर रहने वाले अंचलों का द्वितीय पाली में समीक्षा की जायेगी जिसमें संबंधित जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल के विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी सम्मिलित होगे। यह भी निदेशित किया गया कि निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी उक्त समीक्षा हेतु अपने–अपने जिले के संबंधित अंचलों कें सभी राजस्व ग्रामों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो का प्रक्रमवार विस्तृत प्रगति प्रतिवेदन तैयार कराना सुनिश्चित करेंगे तथा संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने–अपने

जिले के संबंधित अंचलो के सभी राजस्व ग्रामों को पूर्ण करने की विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे।

(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)

7. प्रथम चरण संचालित जिलों में से 15 अगस्त 2026 तक प्राथमिकता से सर्वेक्षण पूर्ण करने हेतु चयनित 05 जिलों के समीक्षा के क्रम में दिनांक 31.10.2026 तक प्रपत्र–25 एवं प्रपत्र–20 पूर्ण किये जाने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या तथा प्रपत्र–7 से प्रपत्र–12 एवं प्रपत्र–07 के पूर्व वाले लंबित राजस्व ग्रामों को पूर्ण करने संबंधी कार्य–योजना निदेशालय को 02 दिनों में समर्पित करने का निदेश संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी को दिया गया।

निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी उपरोक्त कार्य का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, जहानाबाद / लखीसराय / शिवहर / अरवल / शेखपुरा / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी)

ततपश्चात् राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण संचालित जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिलावार प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत् पायी गयी –

SPECIAL SURVEY 2026 :: DISTRICT REPORT :1st Week October PHASE - 2

District Rank	SL No.					1		2		3		4		5		6		7		RANK
	PARAMETERS	Total Shivir	Total Mauza	Total Khesra	Total Amin	Form-5 Entry (Completed Mauza) (10%)		Total Tri-Juction Completed (5%)		Total Boundary Verification Completed		Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule 7)		Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (20%)		Form-6 Entry in Soltwar (Completed Mauza)		LPM & Form-7 Distribtion (Mauza) (10%)		
	District					# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	
1	BEGUSARAI	8	658	722679	49	504	76.6%	658	100.0%	658	100.0%	437	66.4%	179	27.20%	161	24.47%	50	7.60%	1
2	LAKHISARAI	2	53	66951	37	52	98.1%	53	100.0%	53	100.0%	41	77.4%	0	0.00%	0	0.00%	0	0.00%	2
3	PATNA	23	1300	3301447	321	1297	99.8%	1299	99.9%	1299	99.9%	697	53.6%	30	2.31%	2	0.15%	0	0.00%	3
4	JEHANABAD	3	328	699010	87	328	100.0%	328	100.0%	328	100.0%	146	44.5%	23	7.01%	12	3.66%	9	2.74%	4
5	BANKA	6	1020	1792530	149	973	95.4%	1020	100.0%	1016	99.6%	417	40.9%	110	10.78%	69	6.76%	38	3.73%	5
6	KISHANGANJ	3	311	1050159	51	311	100.0%	311	100.0%	311	100.0%	129	41.5%	28	9.00%	4	1.29%	0	0.00%	6
7	SHEOHAR	2	115	306114	15	115	100.0%	115	100.0%	115	100.0%	35	30.4%	16	13.91%	7	6.09%	7	6.09%	7
8	BHAGALPUR	16	1385	1912230	272	1373	99.1%	1351	97.5%	1352	97.6%	548	39.6%	109	7.87%	21	1.52%	10	0.72%	8
9	KATIHAR	13	1336	2179692	216	1336	100.0%	1334	99.9%	1334	99.9%	437	32.7%	120	8.98%	42	3.14%	39	2.92%	9
10	DARBHANGA	18	1240	3458065	267	1239	99.9%	1240	100.0%	1240	100.0%	490	39.5%	24	1.94%	0	0.00%	0	0.00%	10
11	SIWAN	19	1448	3603879	232	1448	100.0%	1448	100.0%	1448	100.0%	528	36.5%	50	3.45%	28	1.93%	23	1.59%	11
12	VAISHALI	16	1503	3094523	342	1503	100.0%	1503	100.0%	1503	100.0%	534	35.5%	72	4.79%	4	0.27%	1	0.07%	12
13	ROHTAS	19	1960	4002208	363	1930	98.5%	1956	99.8%	1956	99.8%	759	38.7%	21	1.07%	3	0.15%	0	0.00%	13
14	KHAGARIA	3	110	234008	28	106	96.4%	110	100.0%	110	100.0%	38	34.5%	4	3.64%	2	1.82%	0	0.00%	14
15	NALANDA	11	574	2118831	145	574	100.0%	574	100.0%	574	100.0%	165	28.7%	43	7.49%	4	0.70%	3	0.52%	15
16	MADHEPURA	9	299	1113787	55	291	97.3%	299	100.0%	288	96.3%	93	31.1%	22	7.36%	3	1.00%	2	0.67%	16
17	SITAMARHI	13	553	2185472	86	543	98.2%	553	100.0%	553	100.0%	186	33.6%	1	0.18%	0	0.00%	0	0.00%	17
18	GOPALGANJ	14	1522	2520770	236	1466	96.3%	1522	100.0%	1522	100.0%	491	32.3%	30	1.97%	7	0.46%	4	0.26%	18

SPECIAL SURVEY 2026 - DISTRICT REPORT - 1st Week October - PHASE - 2

District Rank	SL No. / PARAMETERS / District	Total Shivir	Total Mauza	Total Khesra	Total Amin	1 Form-5 Entry (Completed Mauza) (10%)		2 Total Tri-Juction Completed (5%)		3 Total Boundary Verification Completed		4 Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule7)		5 Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (20%)		6 Form-6 Entry in Soft war (Completed Mauza)		7 LPM Form-7 Distribtion (Mauza) (10%)		RANK
						# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	# COUNT	%	
19	SAHARSA	7	317	1035460	60	314	99.1%	317	100.0%	317	100.0%	76	24.0%	18	5.68%	12	3.79%	12	3.79%	19
20	MUZAFFARPUR	16	1719	4475367	351	1719	100.0%	1710	99.5%	1708	99.4%	440	25.6%	69	4.01%	5	0.29%	0	0.00%	20
21	ARARIA	7	574	2316202	92	554	96.5%	574	100.0%	574	100.0%	171	29.8%	2	0.35%	0	0.00%	0	0.00%	21
22	SAMASTIPUR	20	1149	1935236	265	1142	99.4%	1072	93.3%	1066	92.8%	380	33.1%	14	1.22%	10	0.87%	0	0.00%	22
23	NAWADA	14	1059	3800047	236	1059	100.0%	1059	100.0%	1059	100.0%	280	26.4%	8	0.76%	2	0.19%	0	0.00%	23
24	GAYA	24	2822	7517070	444	2800	99.2%	2822	100.0%	2822	100.0%	751	26.6%	20	0.71%	2	0.07%	2	0.07%	24
25	KAIMUR	11	1680	2588744	259	1629	97.0%	1560	92.9%	1560	92.9%	569	33.9%	4	0.24%	0	0.00%	0	0.00%	25
26	BHOJPUR	14	1159	2754075	226	1158	99.9%	1159	100.0%	1159	100.0%	256	22.1%	4	0.35%	0	0.00%	0	0.00%	26
27	AURANGABAD	11	1846	5142713	320	1846	100.0%	1800	97.5%	1798	97.4%	334	18.1%	68	3.68%	8	0.43%	8	0.43%	27
28	PURNIA	13	1123	2098850	206	837	74.5%	1122	99.9%	1098	97.8%	233	20.7%	64	5.70%	29	2.58%	19	1.69%	28
29	SARAN	20	1605	3075506	356	1571	97.9%	1605	100.0%	1480	92.2%	302	18.8%	23	1.43%	8	0.50%	0	0.00%	29
30	W. CHAMPARAN	13	1170	2508123	181	1073	91.7%	1170	100.0%	1170	100.0%	176	15.0%	8	0.68%	0	0.00%	0	0.00%	30
31	BUXER	11	1109	1816328	221	1095	98.7%	989	89.2%	986	88.9%	163	14.7%	56	5.05%	4	0.36%	4	0.36%	31
32	MADHUBANI	21	1081	2262260	147	960	88.8%	1027	95.0%	957	88.5%	207	19.1%	4	0.37%	4	0.37%	0	0.00%	32
33	EAST CHAMPARAN	27	1259	4678445	201	1068	84.8%	1217	96.7%	1213	96.3%	144	11.4%	4	0.32%	0	0.00%	0	0.00%	33
34	SUPAUL	6	290	1561006	57	252	86.9%	261	90.0%	243	83.8%	52	17.9%	9	3.10%	2	0.69%	2	0.69%	34
35	JAMUI	7	1284	2514709	99	891	69.4%	1235	96.2%	1146	89.3%	69	5.4%	0	0.00%	0	0.00%	0	0.00%	35
36	MUNGER	4	470	581944	100	289	61.5%	263	56.0%	257	54.7%	44	9.4%	5	1.06%	0	0.00%	0	0.00%	36
	Total Count	444	37431	87024440	6772	35646	94.5%	36636	97.3%	36273	96.3%	10818	30.8%	1262	4.27%	455	1.77%	233	0.94%	

उपरोक्त प्रगति प्रतिवेदन के आलोक में निम्नवत् समीक्षा की गयी –

8. विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण संचालित जिलों में सबसे खराब प्रगति मुंगेर जिला में पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि द्वितीय चरण में मुंगेर जिला में माह जुलाई 2026 के बाद किस्तवार का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसकी प्रगति बाढ़ के कारण अपेक्षा के अनुरूप नहीं है।

इस संबंध में अग्रेत्तर कार्य–योजना के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण संचालित राजस्व ग्रामों से संबद्ध विशेष सर्वेक्षण अमीनों को लगाकर कार्य पूर्ण कराया जायेगा। उक्त के संबंध में जिले के वैसे अंचल जहाँ बाढ़ नहीं है, वहाँ की प्रगति धीमी रहने तथा बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से संबद्ध विशेष सर्वेक्षण अमीनों को अन्यत्र बाढ़रहित क्षेत्र में तत्काल कार्यहित में संबद्ध कराने के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित पदाधिकारी द्वारा संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया गया।

उपरोक्त के संबंध में राज्य के सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अपने–अपने जिला में कार्यरत दोनो चरणों के विशेष सर्वेक्षण अमीनों से प्रतिदिन किये गये कार्य एवं आगे किये जाने वाले कार्य के संबंध में आधा घंटा पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)

9. समीक्षा के क्रम में मधुबनी जिला के बन्दोबस्त पदाधिकारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये।

इस संबंध में बैठक से बिना सूचना अनुपस्थिति हेतु कारण–पृच्छा कर अग्रेतर कार्यवाही करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप)

10. द्वितीय चरण संचालित जिलों के समीक्षा के क्रम में सुपौल जिला में धीमी प्रगति पाये जाने के संबंध में विशेष सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा कर प्रगति में बाधक कारकों को चिन्हित कर उन्हें दूर करने का निदेश संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी को दिया गया।

(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल)

11. पश्चिम चंपारण जिला में चल रहे द्वितीय चरण के विशेष सर्वेक्षण कार्यो की खराब प्रगति पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी ने बाढ़ एवं उसके उपरांत उक्त क्षेत्र में गन्ना रोपाई के कारण प्रगति धीमी रहना बताया गया।

उक्त के संबंध में जिले में उपलब्ध कार्य–बल को युक्तिसंगत रूप से विभाजित कर कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया तथा अब तक खानापुरी प्रक्रम में पूर्ण 08 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–06 में प्रविष्टि हेतु लंबित खेसरों की संख्या के संबंध में संतोषजनक प्रतिउत्तर नहीं दिये जाने के कारण इस संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण से कारण–पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप/बन्दोबस्त दाधिकारी, पश्चिम चम्पारण)

12. सीतामढ़ी जिला में अगले माह तक अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप/बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी)

13. समीक्षा के क्रम में बांका, जमुई एवं नवादा के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण के विभिन्न प्रक्रमों का मानचित्र विगत 03 माह से संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के पास लंबित रहने के कारण उनके जिले में चल रहे सर्वेक्षण कार्यो में अपेक्षित प्रगति नहीं होने का प्रतिवेदन दिया गया। इस संबंध में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा आश्वस्त किया गया कि 03 दिनों के अन्दर लंबित मानचित्र दे दिये जायेंगे।

इस संबंध में निदेशित किया गया कि सभी हवाई एजेंसी के पास विभिन्न प्रक्रमों का मानचित्र जितनी अवधि तक लंबित है, इसकी समीक्षा कर यदि अपेक्षित सुधार न हो तो संबंधित एजेंसी को देय भुगतान से अनुपातिक कटौती किया जाये।

(अनुपालन : अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,भू–अभिलेख एवं परिमाप/सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)

14. समीक्षा के क्रम में बेगूसराय जिले में विभागीय सॉफ्टवेयर में तकनीकी गड़बड़ियां परिलक्षित होने की बात बतलायी गयी।

इस संबंध में सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी को उनके जिले में आने वाले तकनीकी समस्याओं को निदेशालय में पदस्थापित संबंधित नोडल पदाधिकारी के माध्यम से निराकरण कराने का निदेश दिया गया। संबंधित नोडल पदाधिकारी को जिले से प्राप्त उक्त तकनीकी समस्याओं का नियमानुसार समीक्षा कर आवश्यकता प्रतीत होने पर निदेशालय के आई0टी0 सेल में प्रतिनियुक्त श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर से निराकरण कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी/श्री प्रिंस कुमार/श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर)

15. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण संचालित जिलों की समीक्षा के क्रम में कतिपय राजस्व ग्रामों की प्रगति अप्रत्याशित रूप से कम पाये जाने के संबंध में निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारियों को वैसे राजस्व ग्रामों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो के नियमित अनुश्रवण हेतु अलग से नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित कर लंबित कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी)

16. प्रथम चरण में संचालित जिले में 15 अगस्त 2026 तक विशेष सर्वेक्षण पूर्ण करने हेतु चयनित पाँचों जिला यथा– जहानाबाद, अरवल, शिवहर, लखीसराय एवं शेखपुरा के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को लंबित कार्यो को पूर्ण करने की समय सीमा लिखित में निदेशालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया।

निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी अपने–अपने आवंटित जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी से अपेक्षित समन्वयन स्थापित कर उपरोक्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, जहानाबाद/लखीसराय/शिवहर/अरवल/शेखपुरा/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी)

17. विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण संचालित सभी जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को उनके जिला में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो को पूर्ण करने हेतु दिनांक 14.01.2027 का लक्ष्य निर्धारित किया गया। सभी संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी उक्त अवधि तक दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने का माहवार कार्य योजना तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी उपरोक्त कार्य का पर्यवेक्षण कर यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन : प्रथम चरण के बन्दोबस्त पदाधिकारी/संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी)

18. निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी अपने–अपने आवंटित जिलें में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो का गहन समीक्षा कर वैसे राजस्व ग्राम जिनमें कार्य समाप्त हो गया या पूर्ण होने वाले है, को चिन्हित कर उक्त राजस्व ग्रामों से संबद्ध विशेष सर्वेक्षण अमीनों की सूची तैयार कर वैसे जिले जहाँ विशेष सर्वेक्षण अमीनों की

आवश्यकता है, वहाँ पदस्थापन हेतु स्पष्ट अनुशंसा निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी)

19. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी को अपने–अपने जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो का विभागीय सॉफ्टवेयर में शत–प्रतिशत अपलोडिंग सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)

20. समीक्षा के क्रम में कतिपय जिलों द्वारा उनके जिले में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के EPF भुगतान में विलंब के कारण किये गये अर्थदंड की समस्या बतायी गयी।

उक्त के संबंध में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को इस समस्या के समाधान का उचित प्रयास करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,भू–अभिलेख एवं परिमाप)

अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रत्येक दिवस का लक्ष्य देकर उक्त का नियमित समीक्षा कर वास्तविक प्रबंधन (Real Management) के आधार पर लंबित विशेष सर्वेक्षण संबंधी कार्यो को पूर्ण करने के निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

ह0/–
(सीमा त्रिपाठी)
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10/2022

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10/2022 4046 **पटना, दिनांक:** 12/11/2026

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिले के समाहर्त्ता/ सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0)/तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12-11-26
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10/2022 4046 **पटना, दिनांक:** 12/11/2026

प्रतिलिपि : उप सचिव/सहायक निदेशक/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/श्री अनुपम प्रकाश, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/श्री प्रिंस कुमार एवं श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर/प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप विभागीय बेवसाई पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12-11-26
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10 / 2022 4046 पटना, दिनांक: 12/11/2026

प्रतिलिपि : निदेशक कोषांग को सूचनार्थ प्रेषित।

Sub
12-11-26

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10 / 2022 4046 पटना, दिनांक: 12/11/2026

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री / सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

Sub
12-11-26

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,